सं. : 13(1)/2024/पीए व एमआईडी   सितंबर 17, 2024

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 9/2024
परमाणु ऊर्जा विभाग विशेष अभियान 4.0 के लिए तैयार

परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) ने विशेष अभियान 4.0 के प्रारंभिक चरण की शुरुआत कर दी है। डीएई की सभी घटक इकाइयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों को **विशेष अभियान 4.0** के संबंध में प्रगति की निगरानी के लिए अपनी-अपनी इकाइयों/पीएसयू/सहायता प्राप्त संस्थानों में नोडल अधिकारी नामित करने के निदेश दिए गए हैं। इकाइयों/पीएसयू/सहायता प्राप्त संस्थानों को विशेष अभियान 4.0 को बृहद स्तर पर सफल बनाने के लिए यथार्थवादी लक्ष्यों की पहचान करने के निदेश दिए गए हैं।

नवंबर, 2023 से अगस्त, 2024 के दौरान, डीएई ने 20480 फाइलों की समीक्षा की है और इसी अवधि के दौरान कुल 11120 फाइलों को हटा दिया गया है। 2,49,05,142/- रुपये का राजस्व अर्जित हुआ।

तटीय पारिस्थितिकी के संरक्षण हेतु जन जागरूकता पैदा करने के लिए दिसंबर 2023 माह के दौरान डीएई की एक संघटक इकाई परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र (वीईसीसी) द्वारा एक बीच ट्रेक रूट क्लीन-अप कार्यक्रम आयोजित किया गया । विशेष अभियान 4.0 हेतु नवीन और सर्वोत्तम विधि यों को अपनाने के लिए विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

(डैनियल बाबू पी)
प्रमुख, जन जागरूकता और मीडिया संपर्क प्रभाग, डीएई